हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 21 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री से.
न्यूनतम 24.0 डिग्री से.

12 शंभू टोल बंद कर हाइवे पर किसानों ने लगाया जाम ..



12 बिजली की अघोषित कटौती से जनता बेहाल ...



## खबर संक्षेप

### थ्री व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर के रटोली रोड स्थित जाहिद खान फॉर्म के पास तेज रफ्तार थ्री व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार 25 वर्षीय लाल सिंह की मौत हो गई। वह 18 जुलाई की रात काम से अपने गांव गूगलों लौट रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल लाल सिंह को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद थ्री व्हीलर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात थ्री व्हीलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मकान से चुराई बिजली की तारे व एसी के पाइप

**यमुनानगर।** जगाधरी की तेली माजरा कॉलोनी में चोरों ने एक मकान में घुसकर बिजली की तारे व एसी के पाइप चोरी कर लिए। जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सलेमपुर निवासी देशराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जगाधरी की तेली माजरा कॉलोनी में मकान बना रहा है। चोरों ने 18 जुलाई की रात को उसके मकान में घुसकर बिजली की तारे व एसी के पाइप चोरी कर लिए। सुबह जब वह मकान पर पहुंचा तो उसे समान गायब मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हथिनीकुंड बैराज में नग्न अवस्था में मिला अज्ञात शव

**यमुनानगर।** हथिनीकुंड बैराज के गेट नंबर 11 में रविवार रात करीब 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का नग्न शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से करीब साढ़े तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद शव बाहर निकाला। शव करीब 15 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था और शरीर पर कई गहरे चोट के निशान मिले, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। प्रतापनगर थाना पुलिस मृतक की शिनाख्त के लिए अन्य राज्यों की पुलिस से भी संपर्क कर रही है।

### बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** पैनोरमा एवं साइंस सेंटर में मंगलवार को राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तहत राज्य स्तरीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। इसमें हरियाणा के सभी जिलों से जिला विज्ञान विशेषज्ञ, संयोजक और विज्ञान शिक्षक भाग लेंगे। कार्यशाला में शिक्षकों को इस वर्ष की थीम 'सततता के लिए विज्ञान में नवाचार' पर शोध आधारित परियोजनाएं तैयार कराने, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की कार्यप्रणाली, मूल्यांकन व शोध गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य संयोजक राजपाल पांचाल ने इसे विज्ञान शिक्षा को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल बताया।

### पानीपतः चौकीदार की छत से गिरने से मौत

**पानीपत।** पानीपत के सेक्टर-29 एरिया में स्थित प्लॉट नंबर-162, पार्ट-2में बने कारखाने में रविवार की रात के समय चौकीदार 50 वर्षीय व्यक्ति सुशील मूल निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की की छत से गिरकर मौत हो गई। इधर, फैक्टरी मालिक का दावा है कि चौकीदार सुशील शराब के नशे में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। वहीं, थाना हुडा सेक्टर-29 पुलिस ने सुशील की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, परिजन ने पुलिस से सुशील की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने मालिक के लगाए आरोपों को नकार दिया।

---

**मौसम ने ली करवट :** आम लोगों ने ली राहत की सांस, किसानों के चेहरे खिले, धान रोपाई पकड़ेगी रफ्तार

**मौसम विभाग ने कहा-24 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा**

# यमुनानगर, लाडवा, शाहाबाद और मुलाना में बरसे बादल, गर्मी से राहत तो जलभराव से बढ़ी परेशानी

यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, शाहाबाद और मुलाना में सोमवार को हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। कहीं, हल्की तो कहीं झमाझम बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, जबकि कई इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा।



**यमुनानगर।** बरसात के बाद निचले इलाकों में भरे बारिश के पानी से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

पिछले कई दिन से गर्मी और उमस की तपिश में झूलस रहे लोगों को आखिरकार सोमवार को जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश ने राहत दिलाई। बारिश होने से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, शहर निचले इलाकों में जगह जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर एक बजे तक आसमान में बादल छाए रहे। मगर बारिश नहीं हुई। दोपहर एक बजे अचानक घने बादल छा गए और बारिश होने लगी। इस दौरान जिले के कई स्थानों पर जमकर बारिश हुई तो कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। बारिश के साथ हवा चलने से लोगों ने गर्मी से राहत मिलने से चैन की सांस ली। बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं सभी ने बारिश का आनंद लिया। जगह-जगह लोग घरों की छतों, गलियों और चाय की दुकानों पर मौसम का लुत्फ उठाते देखे गए। बारिश के चलते अचानक तापमान में आई गिरावट ने सभी को राहत दी। तापमान जहां 28 डिग्री के करीब पहुंच गया था। वहीं आज बारिश के बाद करीब 26 डिग्री तक आ गया। शहर के अनेक इलाकों में लोगों ने मौसम के मिजाज का स्वागत किया। टहनियों पर झूलती ठंडी हवा और रिमझिम बारिश ने लोगों को मानसून की असली खूबसूरती का एहसास कराया। वहीं, मौसम विभाग का कहना है 24 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा।

### निकासी व्यवस्था बनी परेशानी का कारण

बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर नगर निगम की लचर व्यवस्था ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। पानी के बीच वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई। शहरवासी रोहित, मनीष, मोहित, संजय, अमित, टिटू व विशाल आदि ने बताया कि बारिश तो राहत लेकर आती है लेकिन नगर निगम की लापरवाही इसे परेशानी में बदल देती है। हर बरसात में सड़कों पर पानी जमा हो जाता है।

### आसमानी बिजली गिरने से शिव मंदिर क्षतिग्रस्त, कई घरों के इन्वर्टर जले



**मुलाना।** गांव गोकलगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सोमवार दोपहर आसमानी बिजली गिरने से मंदिर को भारी नुकसान पहुंचा। बिजली गिरने से मंदिर के ऊपरी हिस्से में कई दरारें आ गईं और छत का मलबा दूर-दूर तक जा गिरा। हादसे में मंदिर के विद्युत उपकरण भी जल गए। वहीं मंदिर के साथ लगते कई घरों में इन्वर्टर और अन्य बिजली से चलने वाले उपकरण भी खराब हो गए। मंदिर के पुजारी महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि तेज गर्जना बूदाबादी के साथ अचानक आसमानी बिजली मंदिर पर गिरी। जिससे मंदिर के ऊपरी हिस्से को गंभीर क्षति पहुंची और छत का मलबा दूर तक बिखर गया। मंदिर में लगे कई बिजली उपकरण भी जल गए। गनीमत रही किसी को कोई हानि नहीं पंहुची। आसपास के लोगों ने बताया कि बिजली गिरने के साथ जोरदार धमाका सुनाई दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। मंदिर के समीप स्थित कई घरों में इन्वर्टर जल गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

### जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों पर भरा पानी



**शाहबाद।** सशाहबाद में सोमवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया, जबकि किसानों ने भी बारिश का स्वागत किया। दूसरी ओर, जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। देवी मंदिर मार्केट समेत कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे लोगों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह गड्ढों में पानी भरने से दोपहिया चालक फिसले और दुकानों में भी पानी घुस गया। लोगों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## लाडवा में जल निकासी व्यवस्था की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लाडवा

लाडवा सहित ग्रामीण क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई, वहीं नगर की जल निकासी व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी। सोमवार दोपहर हुई बारिश के चलते लाडवा शहर की कई मुख्य सडके और बाजार जलमग्न हो गए। सडकों पर पानी भर जाने से राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों सहित स्कूली बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर पानी इतना अधिक जमा हो गया कि दोपहिया वाहन बंद हो गए और लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। नगरवासियों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया जा सका। नालों और सीवर की समय पर सफाई नहीं होने के कारण बारिश का पानी तेजी से नहीं निकल पाया। लोगों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। दूसरी ओर, इस बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों का कहना है कि धान, गन्ना व अन्य फसलों के लिए यह बारिश बेहद लाभदायक साबित होगी।



**लाडवा।** खेड़ा मंदिर मार्कीट में सडक पर भरा बरसाती पानी।

---

**सुसाइड नोट में पति पर तानों का जिक्र**

## कुरुक्षेत्रः विवाहिता ने घर में फंदा लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में 25 साल की विवाहिता ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। मौके से पुलिस को हाथ से लिखा हुआ एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। इस नोट में महिला ने अपने पति पर उसके अतीत को लेकर बार-बार ताने देने और लांछन लगाने की बात लिखी है। हालांकि विवाहिता के पिता ने सीटेट परीक्षा में पास नहीं होने वजह से पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में होने के बयान पुलिस को दर्ज करवाए। उन्होंने बेटी के पति और उसके ससुराल पक्ष के किसी भी मेंबर के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया। मृतक की पहचान सुरजीत कौर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, यमुनानगर के गांव की रहने वाली सुरजीत कौर की शादी 20 नवंबर 2020 को लखविंद्र सिंह के साथ हुई थी। शादी के दंपती के दो बच्चे 4 साल का बेटा और तीन माह की बेटी हैं। घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है और मामले की जांच में जुटी है। थाना शाहाबाद एसएचओ जगदीश टामक ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला ने घर के अंदर चुन्नी से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस, फोरेंसिक और फोटोग्राफी टीम मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और नमूने एकत्रित किए। पुलिस के मुताबिक, पुलिस को मिले सुसाइड नोट में सुरजीत कौर ने लिखा- मैं सुरजीत ये जिंदगी छोड़ कर जा रही हूं। हां मेरा अतीत बुरा था, लेकिन मैं इतनी भी बुरी नहीं थी, जितना मेरे पति ने मुझ पर लांछन लगाया, मेरी कोई गलती नहीं थी।

**हनुमान कॉलोनी में युवकों ने किया वार**

## घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला, एक की हालत गंभीर

- दो महीने पुराने विवाद को लेकर हमला करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

शहर की हनुमान कॉलोनी बीती रात रंजिश को लेकर दर्जन भर युवकों ने लाठी डंडों से घर में घुसकर दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों की बहन संजना ने बताया कि करीब दो महीने पहले बच्चों के बीच हुए झगड़े को लेकर उनकी पडोसी परिवार से कहासुनी हुई थी। जो बाद में मारपीट तक पहुंच गई थी। उस समय पुलिस में शिकायत भी दी गई थी। लेकिन बाद में पंचायत के माध्यम से दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। संजना का आरोप है कि समझौते के बावजूद पड़ोसी परिवार उनके प्रति रंजिश रखे हुए था। इसी रंजिश के चलते बीती रात आरोपियों ने दर्जन भर साथियों के साथ उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने आते ही घर पर सो रहे उसके भाईयों मनजीत और मितलेश पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जब वह आरोपियों से अपने भाइयों को बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसका गला पकड़ लिया और धक्का देकर उसे साइड में कर दिया। हमले में दोनों भाइयों के सिर, हाथ, पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने दोनों भाइयों को अस्पताल पहुंचाया।

### रूद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज पर ठगी का केस, कनाड़ा भेजने के नाम पर हड़पे 13.60 लाख

- वर्क वीजा लगवाने का वादा कर इमिग्रेशन कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप

**अंबाला।** कनाडा भेजने के नाम पर बसंतपुरा गांव के प्रदीप कुमार से 13.60 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। शिकायतकर्ता ने मोहाली स्थित रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सॉल्यूशंस इमिग्रेशन कंपनी पर आरोप लगाया। उसने शिकायत में बताया कि कंपनी के मालिकों और सलाहकारों ने उन्हें कनाडा भेजने का झांसा दिया। उन्होंने तीन से चार महीनों में वर्क वीजा लगवाने का वादा किया था। इस वादे के बदले प्रदीप से 13.60 लाख रुपये लिए गए। पैसे लेने के बाद भी वीजा नहीं मिला। प्रदीप की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी मालिक राकेश रिखी उर्फ राकेश कुमार, प्रभा रिखी, रमनदीप उर्फ मनराज, इंद्रजीत सिंह उर्फ लवी उर्फ बब्बू, रिया शर्मा, रणजीत, कुणाल, नताशा और दीपक अरोड़ा को नामजद किया है।

प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह जुलाई 2023 में मोहाली के फेज-1 स्थित रुद्राक्ष ग्रुप ओवरसीज सॉल्यूशंस कंपनी के दफ्तर में गया था। उसकी मुलाकात कंपनी के मालिक राकेश रिखी उर्फ राकेश कुमार सहित अन्य आरोपियों से हुई। इसके बाद आरोपियों ने उसे विरोध भेजने का आश्वासन दिया। परिवादी ने बताया कि पैसे लेने के बावजूद आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

### यमुनानगर में बुढेड़ी के पास युवक से 5.116 किलो गांजा बरामद, 60 हजार बताई कीमत

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव बुढेड़ी के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच किलो 116 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की है। आरोपी से बरामद गांजा फूल पत्ती की कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पीएसआई गुलशन कुमार ने बताया कि वह रविवार शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव बुढेड़ी के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से पांच किलो 116 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान बिहार के जिला समस्तीपुर के गांव चक हबीब समस्तीपुर निवासी निशु दास उर्फ निशु के रूप में हुई।

### 272 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात पीएचसी ललित कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि शादीपुर के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 272 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव जो सहसपुर निवासी शाहरुख के रूप में हुई।

---

**ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को सराहा, सुरक्षा व्यवस्था पर जताया भरोसा**

## 72 घंटे में चोरी की वारदात सुलझाने पर नंगला पंचायत ने एसपी भूपेंद्र और एएसपी को किया सम्मानित

- चोरी जैसी घटनाओं का समय पर खुलासा होने से अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना होती है पैदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों की ग्रामीण क्षेत्रों में भी सराहना हो रही है। नंगला आर पार ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने चोरी की वारदात का 72 घंटे में खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह का सम्मान किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत और मौजिज लोगों ने एसपी भूपेंद्र सिंह को पगड़ी व पटका पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सनौली थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी एएसपी हर्षित गोयल को भी सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से लोगों में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पुलिस टीम की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि चोरी जैसी घटनाओं का समय पर खुलासा होने से अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा होती है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले नंगला आर और नंगला पार गांव में चोरी की वारदात हुई थी। पुलिस टीम ने मामले की जांच करते हुए महज 72 घंटे के अंदर वारदात को सुलझा लिया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की इस कार्रवाई को देखते हुए ग्रामीणों ने अधिकारियों का आभार जताया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि बलिंद्र फोर, नंबरदार कृष्ण राठी, संजय शास्त्री, पंच जोगिंदर राठी, आजाद फोर, बबलू मलिक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भविष्य में भी पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने की बात कही।



**पानीपत।** नंगला ग्राम पंचायत की ओर से पुलिस कप्तान भूपेंद्र सिंह और एएसपी हर्षित गोयल को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पानीपतः फाइबर बनाने की फैक्ट्री में आग

**पानीपत।** पानीपत की काबड़ी रोड स्थित अर्जुन नगर में सोमवार तड़के एक खिलौनों में भरने वाली फाइबर बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की पूरे फैक्टरी परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में फैक्ट्री के अंदर रखी कीमती मशीनें, लाखों रुपए का कच्चा व तैयार माल और पूरी बिल्डिंग जलकर खाक हो गई। फैक्टरी के संचालक अरूण निवासी घरौंडा जिला करनाल ने बताया कि सोमवार सुबह साढे पांच बजे इलाके में बिजली की वोल्टेज अचानक अप-डाउन होने लगी। इसी दौरान फैक्ट्री के भीतर बिजली के पैनल में जोरदार शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी सुलग उठी। वहीं, फाइबर अत्यधिक ज्वलनशील होने के कारण आग ने चंद मिनटों में ही पूरी फैक्ट्री आग में राख हो गई। आग में फैक्ट्र के गोदाम में करीब टन कच्चा माल व दस टन तैयार माल आग में राख हो गया। वहीं, दमकल कर्मियों ने आग को काबू किया। लकिन आग काबू होने तक काफी नुकसान हो गया।

## हेरोइन तस्करी का मुख्य आरोपी पंजाब से गिरफ्तार



**अंबाला।** सीआईए वन ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए 101 ग्राम 02 मिलीग्राम हेरोइन मामले में दूसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।जांच टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीते दिनों थाना बलदेव नगर क्षेत्र मनमोहन नगर से आरोपी दीपक निवासी न्यू कॉलोनी, रामतीर्थ रोड, अमृतसर को 101 ग्राम 2 मिलीग्राम हेरोइन के साथ काबू किया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी सूरज की संलिप्तता का खुलासा किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला पटियाला पंजाब में छापेमारी कर आरोपी सूरज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। यहां से से आरोपी दीपक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है जबकि आरोपी सूरज रिमांड पर लिया गया।

### मेयर और विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

# नगर निगम ने दी 1.20 करोड़ रुपये की सौगात, वार्डों में बहेगी विकास की बयार

**वार्ड नंबर 8, 9 व 22 में विभिन्न गलियों व नालियों का होगा नवनिर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम की ओर से तीन वार्डों में 1 करोड़ 20 लाख 48 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे। सोमवार को विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और मेयर सुमन बहमनी ने पार्षद विभोर पाहुजा, भावना बिट्टू, रुचि शर्मा और इलाके के गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में तीनों वार्डों में विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने नारियल फोड़कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की और नगर निगम के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी इस बात का खास ख्याल रखें कि विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण हो जाएं।



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि वार्ड नंबर 9 के रामपुरा में 64 लाख 68 हजार रुपये की लागत से मुख्य सड़क का निर्माण कराया जाएगा। यह सड़क पंकज टायर की दुकान से शुरू होकर सीधे सरकारी स्कूल तक बनाई जाएगी। इससे स्कूली बच्चों और स्थानीय निवासियों का आवागमन बेहद सुगम हो जाएगा।

वहीं, वार्ड 8 में 48 लाख 14 हजार की लागत से मकान नंबर 330 से लेकर हैफेड गोदाम तक सड़क व नालियों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान निकलेगा। इसी तरह वार्ड 22 की प्रोफेसर कॉलोनी में 7 लाख 66 हजार रुपये की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा।

मेयर सुमन ने बताया कि नगर निगम द्वारा हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हर वार्ड की नियमित कॉलोनी में गलियां, नालियां, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, सामुदायिक केंद्र और अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज कोई भी वार्ड ऐसा नहीं है जहां करोड़ों रुपये के विकास कार्य न चल रहे हों।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। प्रदेश सरकार और नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं ताकि नागरिकों को लंबे समय तक इनका लाभ मिल सके।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर पूर्व मेयर मदन चौहान, समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, सहायक अभियंता सुरेंद्र दहिया, कनिष्ठ अभियंता विशाल राणा, कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार, भाजपा के भाजपा के मंडल महामंत्री संदीप बजाज, अंकित कपिल, संदीप राणा, कपिल दुआ, पवन बिट्टू, डॉ.हर्षवर्धन आदि मौजूद थे।



## सब्जियों का संसार मॉडल ने लूटी वाहवाही

**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में नन्हें मुन्ने बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक माडल बनाकर प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ स्कूल के वाइस प्रेसिडेंट प्रमोद बंसल व प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्याध्यापिका रेनू शांडिल्य ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र सब्जियों का संसार माडल रहा। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने सब्जियों का संसार माडल में विभिन्न प्रकार की सब्जियों को प्रदर्शित कर सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा बच्चों ने पालतू पशु, रंग, विभिन्न प्रकार के पौधे, विभिन्न प्रकार के घर, संतुलित आहार, ऋतु,जल है तो कल है, गणित से संबंधित मॉडल, कंप्यूटर का महत्व, औषधीय पौधे, एक पृथ्वी एक योग, करो योग रहो निरोग का संदेश पर आधारित माडल बनाकर प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि बच्चों के द्वारा व्यर्थ सामग्री से उपयोगी वस्तुएं बनाने की सभी ने बहुत सराहना की। मौके पर मुख्याध्यापिका रेनू शांडिल्य ने आए हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया। स्कूल प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों में भाग लेने से बच्चों का ज्ञान वर्धन होता है। उन्हें अपने भीतर छिपी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इस अवसर पर प्रदर्शनी में उत्कृष्ट माडल आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉक्टर अजय शर्मा व प्रमोद ग्रोवर आदि ने बच्चों द्वारा बनाए गए माडल्स की सराहना की।

# खेल युवाओं के विकास का सबसे बेहतर माध्यम

**नशे से जंग यमुनानगर के संग मैराथन को लेकर गांव छारी में हुआ जागरुकता कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नशे से जंग, यमुनानगर के संग मैराथन को सफल बनाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सोमवार को गांव छारी में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में डीएसपी रादौर सुनील कुमार ने भाग लिया। मौके पर थाना प्रभारी राजेश कुमार मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं डीएसपी सुनील कुमार ने युवाओं को 26 जुलाई को यमुनानगर में होने वाली नशे से जंग, यमुनानगर के संग मैराथन में अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कहा कि नशे से जंग, यमुनानगर के संग मैराथन को सफल बनाने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव गांव जाकर युवाओं को नशा जैसी बुराई से दूर रहकर मैराथन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीएसपी सुनील कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उन्हें खेलों और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीएसपी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं खराब करता है। बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में लगानी चाहिए। युवाओं से आह्वान किया कि वह 26 जुलाई को आयोजित होने वाली नशे से जंग,यमुनानगर के संग मैराथन में बढ़ चढ़कर भाग लें और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का सबसे बेहतर माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। जिससे युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से स्वतः दूर रहते हैं।



यमुनानगर। गांव छारी में नशा से जंग, यमुनानगर के संग मैराथन जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों व युवाओं को संबोधित करते डीएसपी सुनील कुमार।

**पुलिस का उद्देश्य नशे पर रोक लगाना भी**

थाना प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज को जागरूक कर अपराध और नशे जैसी समस्याओं को जड़ से समाप्त करना भी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति नशे के कारोबार में संलिप्त दिखाई देता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया और मैराथन में भाग लेने का भरोसा दिलाया।

# नागरिक बढ़ते अपराधों के प्रति रहें सतर्क

**जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर जारी की नई साइबर एडवाइजरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए आह्वान किया है। इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों की साइबर ठगों से सुरक्षा को लेकर नई साइबर एडवाइजरी जारी की है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने दी है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि साइबर ठग लगातार नए,नए तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही आपकी जीवनभर की कमाई को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई के साथ.साथ जनजागरूकता अभियान भी चला रही है। आमजन यदि समय रहते सावधानी बरतें तो अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल नागरिकों को सावधान करते हुए बताया कि डिजिटल अरेस्ट पूरी तरह फर्जी है। कोई भी पुलिस अधिकारी,सीबीआई, इंडीए आयकर विभाग या अन्य सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है । यदि कोई स्वयं को अधिकारी बताकर डराए या पैसे मांगे तो तुरंत कॉल काट दें। उन्होंने बताया कि ओटीपीए बैंक पिन और सीवीवी किसी से साझा न करें। बैंक, आरबीआई या कोई सरकारी संस्था कभी भी फोन या मैसेज पर ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी, नेट बैंकिंग पासवर्ड या यूपीआई पिन नहीं मांगती है। इसके अलावा स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड न करें ।



एसपी कमलदीप गोयल।

**अनजान लिंक से बचें**

एसपी कमलदीप गोयल ने बताया कि केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी बैंक, सिम कार्ड, बिजली बिलए गैस कनेक्शन या फास्टैग बंद होने का डर दिखाकर भेजे गए लिंक पर क्लिक न करें। हमेशा संबंधित संस्था की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय से ही जानकारी लें। वहीं निवेश और ट्रेडिंग ऐप से कम समय में अधिक मुनाफे का लालच देकर शेयर ट्रेडिंगए क्रिप्टोए आईपीओ या निवेश के नाम पर भेजे गए लिंक और व्हाट्सएप अथवा टेलीग्राम ग्रुप से दूरी बनाए रखें। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट सुरक्षित रखें। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन खरीदारी दारी करते समय सावधानी केवल विश्वसनीय वेबसाइट या अधिकृत ई.कॉमर्स प्लेटफार्म से ही खरीदारी

## शहीदों का बलिदान सदैव रखा जाएगा याद



**रादौर।** गांव मंधार में शहीद शिरोमणि उधम सिंह कांबोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में डेरा बाबा भूमनशाह जी गद्दी आसीन गुरु ब्रह्म दास जी महाराज ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश दताना मौजूद रहे। मुख्यातिथि बाबा ब्रह्म दास जी महाराज ने विधिवत शहीद उधम सिंह कांबोज की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा की गांव में स्थापना करवाकर सराहनीय कार्य किया है। शहीद किसी एक कोम के नहीं होते हैं। वह तो सभी के होते हैं। शहीदो ने देश को आजाद करवाने में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनका बलिदान देश की आजादी में अहम किरदार साबित हुआ। हर क्रांतिकारी की कहानी हमें कुछ न कुछ ज्ञान अवश्य देती है। महाराज ने कहा कि देश के इतिहास में शहीदों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने शहीद उधम सिंह कांबोज की प्रतिमा के अनावरण होने पर ग्रामीणों को बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि एवं पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि शहीद उधम सिंह द्वारा दिए गए बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने युवाओं को नशा समेत अन्य सामाजिक बुराइयों को छोड़कर देशहित और समाजहित के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा के चरणों में पुष्प अर्पित कर नमन किया। मौके पर मंधार के गणमान्य रणबीर कांबोज, मान सिंह आर्य, कांबोज धर्मशाला रादौर प्रधान वेद प्रकाश, राजीव आर्य सन्नी, लक्ष्मी चन्द, मास्टर सतपाल कांबोज, बलविन्द्र संधाली, मनीश बरहेड़ी, विनोद संधाला, साहब सिंह जठलाना, विनोद बरसान, अश्वनी कांबोज टिंकू आदि ने शहीद उधम सिंह को पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### अपराध पर शिकंजा कसने के लिए रादौर के नागरिकों ने की थाना प्रभारी से भेंट

# असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रख रही पुलिस : राणा

**पार्षद भगवतदयाल कटारिया के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों समेत भीड़ भरे बाजारों में पुलिस की सतर्कता रहेगी। उक्त जानकारी थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा ने पुलिस स्टेशन में असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मिलने पहुंचे कस्बा के नागरिकों को दी।

थाना रादौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा को पुलिस स्टेशन में उनके कार्यालय में कस्बा के सीनियर पार्षद भगवतदयाल कटारिया के नेतृत्व में नागरिकों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने थाना रादौर प्रभारी राजेश राणा को बताया कि स्कूल व कॉलेज के समय असामाजिक तत्व शिक्षण संस्थाओं के आसपास मंडराते रहते हैं। असामाजिक तत्व छात्राओं को स्कूल व कॉलेज आते जाते परेशान करते हैं। उनके विरूद्ध पुलिस सख्त कार्रवाई करे। वहीं, कस्बा के दोनो पार्कों में दिन के समय असामाजिक तत्वों का जमावडा लगा रहता है। पुलिस समय समय पर पार्कों का दौरा कर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने का काम करे। वहीं शहर में बिना नंबर की बाइकों पर असामाजिक तत्व चेहरा कपड़े से ढककर दिनभर सड़कों पर घूमते रहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्व कस्बा में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को अवगत करवाया कि कुछ दिन पहले भी इसी प्रकार बाइक पर आए नकाबपोशो ने एक सर्राफा कारोबारी से लाखों रुपये सरेआम बाजार में पिस्तौल की नोक पर लूट लिए थे। नशा बेचने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



रादौर। नागरिकों को असामाजिक तत्वों पर नकेल करने के लिए आश्वस्त करते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश राणा। फोटो : हरिभूमि

**असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई**

थाना प्रभारी राजेश राणा ने कस्बावासियों को आश्वस्त किया कि शिक्षण संस्थानों समेत अन्य स्थानों पर घूमने वाले असामाजिक तत्वों, अपराधियों समेत किसी भी अपराध में संलिप्त व्यक्तियों व वाहनों पर मुंह ढांप कर चलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल दिखाई देने वालों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रधान भारत माटिया, डॉ.एससी सैनी, पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी, पार्षद प्रतिनिधि मोनू सिंह, सुनील माटिया, आयुष गुप्ता, अमित गुप्ता, रोहित अरोड़ा, राजु पुरूथी, निर्मल बैंडी, ब्रह्मप्रकाश टंडन, मोहित गर्ग, देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, धर्म सिंह पिंकी व कृष्ण मक्कड आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### डॉ. बिमल बने नीमा की रादौर इकाई के प्रेसिडेंट

**रादौर।** कस्बे के बीएएमएस डॉक्टर्स की ओर से सोमवार को नीमा (नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन) ब्रांच रादौर संस्था का गठन किया गया। कार्यक्रम में नीमा हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी डॉ.विनय बंसल पंचकूला व ट्रेजरर डॉ.ऋषिपाल अग्रवाल अंबाला ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि जी के पूजन के साथ किया गया। मौके पर सर्वसम्मति से डॉ.बिमल गर्ग को नीमा प्रेसिडेंट, डॉ.शुभम सलूजा को सचिव, डॉ.अनू ग्रोवर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ.विनय बंसल ने बताया कि नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन भारत में एकीकृत चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सकों का एक शीर्ष और सबसे बड़ा राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना 13 अप्रैल 1948 को दिल्ली में हुई थी। यह उन डॉक्टरों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्होंने मान्यता प्राप्त संस्थानों से आयुर्वेद, यूनानी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आधुनिक एलोपैथिक चिकित्सा का संयुक्त अध्ययन किया है। नीमा का मूल उद्देश्य आयुर्वेद, यूनानी के साथ एलोपैथी का ज्ञान रखने वाले डॉक्टरों को समाज, कानून में उनका सही हक दिलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना व भारत में एक बेहतरीन एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है। मौके पर डॉ.दीपक सैनी, डॉ.लवनिश सैनी, डॉ.राजेश गुप्ता, डॉ.निशा सैनी, डॉ.मनोज राठी, डॉ.सुरेश पांचाल, डॉ.प्रवीन कुमार, डॉ.मोनिका राठी, डॉ.पूजा खुराना, डॉ.वंदना गर्ग, डॉ.संध्या पांचाल, डॉ.आर के सिंगला आदि मौजूद थे।




### नशा मुक्ति में युवाओं की भूमिका अहमः डॉ. करुणा

**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन कॉलेज जगाधरी की एनएसएस एवं एनसीसी इकाई द्वारा 26 जुलाई को यमुनानगर में आयोजित होने वाली नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक एवं उत्साहित करने के उद्धेश्य से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ.करुणा ने कहा कि युवा शक्ति ही समाज को नशामुक्त बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें। साथ ही 26 जुलाई को आयोजित होने वाली मैराथन में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं की सकारात्मक भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मैराथन में भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरीः सिंह

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने पीपल व तुलसी का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बच्चों ने स्कूल परिसर व आसपास खाली पड़े स्थानों पर फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि इस दौरान बच्चों ने पौधों का संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। मास्टर साहब सिंह ने बच्चों को बताया कि पौधे हमारे वातावरण को जहां स्वच्छ रखने में सहायक हैं। वहीं, पौधे हमें फल, लकड़ी और औषधीयां प्रदान करते हैं। यही नहीं पौधे सूर्य की तेज किरणों को सहते हुए हमें छाया प्रदान करके गर्मी से राहत देतें हैं। उन्होंने कहा कि गलोबलाइनजेशन के युग में आज वातावरण दुषित होने लगा है। जिसे स्वच्छ रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं। उन्होंने बच्चों को अपने जन्मदिन, मां के नाम और शुभ मौकों समेत त्योहारों पर कम से कम एक पौधा जरुर लगाए जाने के लिए आहवान किया। मौके पर बच्चों तरीशा, अवनी, लक्षित, बबली, राजीव आदि ने दर्जनों पौधे रोपित किए।



### पौधरोपण कर दिया स्वच्छता का संदेश

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर की 14 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने सोमवार को ग्रीन इंडिया अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज पारिख, एडमिन ऑफिसर कर्नल कुमुद मैनी के दिशा निर्देश में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कैडेट्स की पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं सेवा भावना की सराहना की। कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल ऑक्सीजन ही प्रदान नहीं करते, बल्कि कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वायु प्रदूषण कम करने, तापमान को नियंत्रित रखने, भूजल संरक्षण, जैव विविधता को बढ़ावा देने तथा पक्षियों एवं अन्य जीवों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डिंपल कुमार ने कहा कि पौधे लगाना तभी सार्थक होगा जब उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने सभी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मौके पर एनसीसी इंचार्ज डिंपल सैनी, डॉ.उमेश सिंह, डॉ.विकास भारद्वाज, रीना शर्मा, शिल्पा, सिकंदर भारद्वाज, रशीद आदि मौजूद थे।

### दुकान का शटर तोड़कर लाखों के सामान चोरी

**यमुनानगर।** हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी निवासी ललित कुमार शर्मा ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रतनपुरा में दुकान है। 17 जुलाई को शाम सात बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर आ गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से आठ ग्राइंडर, दो प्लाई कटिंग मार्बल कटर, चार केबल के बंडल व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब लाखों रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी

**थानेसर।** श्रीमहावीर जैन पब्लिक स्कूल में सोमवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के दौरान विद्यालय के आइंस्टीन, कलाम, न्यूटन एवं रमन हाउस के नव-निर्वाचित कैप्टन एवं वाइस कैप्टन के साथ-साथ हेड बॉय और हेड गर्ल को उनके दायित्व सौंपे गए। छात्र पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण करते हुए विद्यालय के अनुशासन, आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहने तथा अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### युवाओं पर लाठीचार्ज की निंदा की

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर संसद मार्च के लिए एकत्र हुए युवाओं पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र विरोधी कार्रवाई बताया है। संगठन का कहना है कि युवाओं ने संसद मार्च के लिए पार्लियामेंट स्ट्रीट की ओर शांतिपूर्ण ढंग से कूच शुरू भी नहीं किया था कि प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस बल का प्रयोग किया। गया। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख घटक संगठन एआईकेकेएमएस के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा और जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रही है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### हत्या के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने सांवला वासी राजकुमार हत्या मामले में महिला आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर थानेसर पुलिस टीम में हत्या मामले में शामिल महिला आरोपी मृतक की पत्नी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 जुलाई को गांव सांवला में गुरुद्वारा के पास गोहर/खेत का रास्ता में एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को मौका पर बुलाकर घटनास्थल और शव का निरीक्षण करवाया गया। मृतक की पहचान राजकुमार वासी सांवला के रूप में हुई।

### स्कूली बच्चों में पेंटिंग व क्विज स्पर्धा आज

**कुरुक्षेत्र।** वन विभाग की तरफ से 77 वें वन महोत्सव सेलिब्रेशन - 2026 के उपलक्ष्य में स्कूली विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर ईको क्विज प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से कक्षा 12वीं के विद्यार्थी, पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं और कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित होगी।

---

### गीता ज्ञान संस्थान में हरकोफैड की जिला स्तरीय सहकारिता विचार गोष्ठी

# हैंडमेड उत्पादों को जन-जन तक पहुंचाने में सहकारिता निभा सकती है अहम भूमिका

## युवाओं से सहकारिता अपनाकर रोजगार देने वाला बनने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सहकारिता के साथ जुड़कर प्रत्येक नागरिक अपना जीवन बदल सकता है, क्योंकि हैंडमेड प्रोडक्ट को जन-जन तक पहुंचाने में सहकारिता अहम भूमिका निभा सकता है। इससे स्वयं सहायता समूह और अन्य स्वरोजगार करने वालों को बहुत लाभ होगा। इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार पूरी मदद कर रही है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को गीता ज्ञान संस्थान में हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड (हरकोफैड) द्वारा आयोजित सहकारिता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सहकारिता विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरकोफैड की तरफ से अतिथियों को पौधे भेंटकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। धुराला पैक्स व हैफेड की ओर से आयोजित प्रदर्शनी व स्टॉल का निरीक्षण किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि युवाओं आगे बढ़ने के लिए विजन तय करके मन में लक्ष्य लेकर आगे बढ़े। सरकार ने युवाओं को सहकारिता के माध्यम से इतने विकल्प दिए हैं, जिससे युवाओं को नौकरी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है। सहकारिता अपनाकर दूसरों को रोजगार देने वाले बन सकते हैं। सब एक के लिए और एक सबके लिए यही सहकारिता का उद्देश्य है। कुरुक्षेत्र जिला में ऐसा कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा, चेयरमैन सुभाष कलसाना का धन्यवाद किया।



कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान।

#### युवाओं के लिए बनी रोजगार का माध्यम

चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के हर कोने तक सबका सहयोग करने का बीड़ा उठाते हुए सहकारिता विभाग का गठन किया और सहकारिता से समृद्धि और समृद्धि से आत्मनिर्भरता बनाने का संकल्प लिया। इसी सहकारिता के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग सहकारिता के साथ जुड़कर अपना व्यवसाय कर सकते हैं। सहकारिता युवाओं की कला को निखाकर उन्हें रोजगार देने वाला नागरिक बना रही है। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि धुराला पैक्स की टीम ने संघर्ष करते हुए घाटे को खत्म किया और पैक्स को लाभ में लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बहुउद्देशीय पैकस के साथ युवाओं को जोड़ रही है। इस बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए डीआर व एआर कार्यालय में जाकर जानकारी ले सकते हैं।

#### सहकारिता के बारे में विस्तार से दी जानकारी

हरकोफैड के प्रचार अधिकारी सौरव अत्री ने सहकारिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरकोफैड प्रत्येक जिला में सहकारिता प्रधान सचिव पंकज यादव, सहकारी समितियां रजिस्ट्रार सुभिता ढाका व हरकोफैड प्रबंध निदेशक नरेश गोयल के मार्गदर्शन में सहकारिता जागरूकता अभियान चला रहा है, जिसमें नारनौल में पहला कार्यक्रम और कुरुक्षेत्र में दूसरा कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। इस अभियान के अंतर्गत हरकोफैड का लक्ष्य है कि सहकारिता विभाग की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर सहकार से समृद्धि का स्वपन साकार करना है तथा महिलाओं और युवाओं को सहकारिता से जोड़ना है। सहकारी सहायक शिक्षा अधिकारी जगदीप सांगवान ने अतिथियों का स्वागत किया।इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, चेयरमैन सुभाष सैनी, चेयरमैन रामकुमार मांडे, वीटा मिल्क प्लांट चेयरमैन शमशेर सिंह, अमित सैनी, डीआर बंसीलाल, एआर प्रदीप चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

## जिला के प्रत्येक स्कूल में दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर हो उपलब्ध : डीसी

### जिस दिव्यांग की यूडीआईडी कार्य बना हो उसकी बस में यात्रा रहेगी फ्री



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला के प्रत्येक स्कूल में दिव्यांगजनों के लिए व्हील चेयर उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि स्कूल में आने वाले किसी भी दिव्यांग को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके साथ ही सभी विभागों, कार्यालयों में दिव्यांग अधिकारियों, कर्मचारियों की पदोन्नति में आरक्षण के लिए रोस्टर रजिस्टर को अपडेट करवाकर रखना सुनिश्चित किया जाए। कार्यालय में दिव्यांग लाभपात्रों की पेंशन स्वीकृत करने तथा उनकी शिकायतों का निपटान करवाने में भी तत्परता की जाए। प्रत्येक कार्यालय के अधिकारी दिव्यांग पात्रों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला में विशिष्ट दिव्यांग प्रमाण पत्र यूडीआईडी कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। इस कार्यालय द्वारा लंबित आवेदनों के निपटान के लिए सप्ताह में दो दिन जिला स्तर पर बुधवार व वीरवार को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जा रहा है और माह के दूसरे सप्ताह के शुक्रवार को सीएससी लाडवा में दिव्यांगता के विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### संदीप मदान बने मुल्तान सभा के अध्यक्ष

**कुरुक्षेत्र।** मुल्तान सभा चक्रवर्ती मोहल्ला की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुलख राज अरोड़ा कार्यकारी अध्यक्ष ने की। बैठक मे पूर्व प्रधान मंगत राम मेहता की मृत्यु पर रिक्त हुए प्रधान पद के लिए अधिवक्ता संदीप मदान का नाम प्रस्तावित किया गया। एडवोकेट राजन चावला ने संदीप मदान का नाम अनुमोदन किया किया। सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से प्रस्ताव पर मोहर लगाई। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने संदीप मदान को बधाई दी। संदीप मदान के पिता अधिवक्ता सीबी मदान भी कई वर्षो तक मुल्तान सभा के प्रधान रह चुके हैं। बैठक में वार्षिक चंदा जमा करवाने के लिए सभी सदस्यों से अपील की गई।

---

### लाडवा में लगाया टीबी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

## 69 लोगों की नि:शुल्क टीबी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाडवा

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन तथा नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सहयोग से /"टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र/" अभियान के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), लाडवा में निःशुल्क टीबी जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान 69 लोगों की निःशुल्क टीबी जांच की गई इसके अतिरिक्त लोगों को टीबी से बचाव, समय पर जांच एवं नियमित उपचार के प्रति जागरूक भी किया गया। इसके साथ-साथ 52 लोगों को परामर्श और निशुल्क दवाइयां दी गई। शिविर में डॉ. प्रमोद सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मरीजों का परीक्षण किया तथा आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन जिला प्रशासन के साथ मिलकर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि टीबी की समय पर पहचान और नियमित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह हराया जा सकता है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर न केवल लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर बिना किसी संकोच के तुरंत जांच कराएं।



### डीएलएसए ने लगाया जागरूकता कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अजराना कलां में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता अमित सहरावत ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन, नालसा (बच्चों के लिए अनुकूल विधिक सेवाएं) योजना, 2024, नालसा योजना, 2024 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## नेचर कैंप के लिए रवाना हुए विद्यार्थी

### कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का दल नेचर कैंप में भाग लेने के लिए सोमवार को रवाना हुआ। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्वविद्यालय परिसर से वाहन को हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, यूथ वेलफेयर निदेशक डॉ. सुधीर मलिक सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। यूथ वेलफेयर निदेशक डॉ. सुधीर मलिक ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय हरियाणा द्वारा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 210 विद्यार्थियों के लिए पंचकूला जिले के थापली (पिंजौर) में नेचर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के 10 विद्यार्थी भी भाग ले रहे हैं। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता, साहसिक गतिविधियों, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण एवं गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि कक्षा में प्राप्त ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति से मिलने वाली शिक्षा भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



---



### पनव अग्रवाल व रियान गुप्ता को मिला नीट गौरव अवार्ड –2026

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) द्वारा नीट परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले पनव अग्रवाल एवं रियान गुप्ता को शैक्षणिक स्वर्णिम सफलता सम्मान के अंतर्गत नीट गौरव अवार्ड –2026 से सम्मानित किया गया।

विद्या भारती सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में दोनों मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं मैडल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उनके अभिभावक डा. अजय अग्रवाल, डा. दीपाली गोयल तथा डा. ऋषि पाल गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि अजय गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना पिछले कई वर्षों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार कर रही है। संस्था का यह प्रयास अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करना केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है।

## गुड टच बैड टच के बारे में दी जानकारी

### नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा प्रथम से अष्टम के विद्यार्थियों के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय 'गुड टच और बैड टच' पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्तमान समय में बच्चों के साथ हो रही अप्रिय घटनाओं और दुर्घटनाओं को देखते हुए, उन्हें आत्मरक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। इस कार्यशाला में अध्यापिका मोनिका सुमन एवं आशा ने बच्चों को बेहद सरल और संवादात्मक तरीके से सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बीच का अंतर समझाया। उन्होंने एक विशेष 'डमी' के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में बताया कि शरीर के कौन से अंग उनके निजी हिस्से हैं और उन्हें किसी को भी छूने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को प्रेरित किया कि यदि कोई उन्हें असहज महसूस कराए, तो वे बिना डरे तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को इस बारे में बताएं। कार्यक्रम में विधालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर रितु चौधरी, अध्यापिका पायल, मंजीत, रिया, कल्पना, हरिंदर आदि मौजूद रहे।



### ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में स्वावलंबन योजना की अहम भूमिका: ढींगरा





**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में महिला अध्ययन शोध केंद्र द्वारा 10 दिवसीय मशीनी कढ़ाई पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समाज के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए चलाए जा रहे कौशल संवर्धन कार्यक्रम स्वावलंबन के अंतर्गत आयोजित की गई है। कार्यशाला का प्रारंभ करते हुए केंद्र की निर्देशिका प्रो. वनिता ढींगरा ने अपने स्वागत भाषण में केंद्र की गतिविधियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है जैसे स्वास्थ्य जांच, रेसिपी प्रतियोगिता, जागरूक कार्यक्रम आदि। उन्होंने कहा कि स्वावलंबन योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कढ़ाई केंद्र की सयोजिका डॉ. वंदना दवे ने बताया कि महिला अध्ययन शोध केंद्र एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ(कुका) के सहयोग से विश्वविद्यालय के आसपास के 6 गांव में सिलाई एवं कढ़ाई केंद्र संचालित किया जा रहे है।

---



### 3 से 9 अगस्त तक सेक्टर-8 गौरी शंकर मंदिर में होगी श्री शिव महापुराण कथा

**कुरुक्षेत्र।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-8 स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में 3 से 9 अगस्त तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर स्थानीय सेवा समिति की बैठक पुरुषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आयोजन को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के तत्वावधान में आयोजित कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य श्री शुकदेव जी महाराज करेंगे। कथा के दौरान मंदिर की सजावट, कलश यात्रा, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रसाद वितरण, वाहन पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कथा के प्रचार-प्रसार के लिए सेक्टर-8 में लगाए जाने वाले फ्लैक्स की व्यवस्था डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल करेगा। पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि श्रावण मास, शिवरात्रि और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्व धार्मिक उत्साह और सामाजिक समरसता के साथ मनाए जाएंगे। वरिष्ठ कार्यकर्ता पी.डी. गुप्ता ने बताया कि 3 अगस्त को शाम 5 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी तथा शाम 6 बजे कथा का शुभारंभ होगा। 4 से 8 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 4:30 से 7 बजे तक कथा होगी। 9 अगस्त को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पूणार्हुति, हवन एवं विशाल प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

**धर्म-कर्म**

### 10 अगस्त को लगेगा श्रावण शिवरात्रि मेला, प्रतिदिन 11 हजार बेलपत्रों से होगी पूजा

भक्तों के लिए विशेष सुविधाओं के साथ सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध होंगे

# 28 जुलाई से 29 अगस्त तक श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में होगा श्रावण मास पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा

संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में इस बार सावन माह 28 जुलाई से 29 अगस्त तक मनाया जाएगा। सावन उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी और मंदिर के सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में इस बार हर रोज 11,000 बेलपत्र से शिवलिंग पूजन होगा। साथ ही पार्थिव पूजन भी पूरा माह चलेगा। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम होगा। इसमें 9 बजे के बाद गुरु मंत्र पूजा और भंडारा होगा। 10 अगस्त को श्रावण माह की महाशिवरात्रि का मेला लगेगा। कांवड़ियों के द्वारा लाया गया जल 10 अगस्त की मध्यरात्रि के बाद भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया जाएगा। 25 अगस्त को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।



#### डिवाइडर पर लगाई जाएगी लाइटें

सेवादल के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि श्रावण मास में इस बार श्रद्धालुओं को विशेष सुविधाएं मिलेंगी। मंदिर के मुख्य द्वार के निकट 35 हजार लीटर से अधिक की क्षमता वाला टैंक स्थापित किया गया है। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए गंगाजल उपलब्ध रहेगा। इसके साथ-साथ मंदिर से गांव के बस स्टॉप की तरफ जाने वाले रास्ते को फोर लेन करने का कार्य भी पीडब्ल्यूडी द्वारा जोरो से किया जा रहा है। सड़क को फोरलेन करने के बाद इसके बीच में डिवाइडर पर लाइटें लगाई जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा के लिए इस बार सेवादल में महिलाओं का जत्था भी वॉलिंटियर्स के रूप में तैनात रहेगा। जो लाइनों में व्यवस्था पर नजर रखेगा।

#### इस बार भी होंगे चार सोमवार

इस बार भी चार सोमवार होंगे। 3 अगस्त को पहला सोमवार, 10 को दूसरा, 17 को तीसरा और 24 को चौथा सोमवार है। 27 अगस्त को श्रावण समाप्ति का भंडारा होगा। श्रद्धालुओं को अपडेट रखने के लिए मंदिर की ओर से वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। वेबसाइट पर सभी कार्यक्रमों का विवरण भंडारों व पूजा आदि की बुकिंग देखी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियों की समस्याओं का समाधान किया। नगराधीश ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक लगाए जाते हैं। इस शिविरों में जिला का कोई भी नागरिक अपनी समस्याओं को रख सकता हैं।

### बीएलओ 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे करेंगे

**अंबाला।** हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र की हिदायतानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को रिवाइज्ड शैड्यूल जारी किया हैं। इसकी अनुपालना में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को रिवाइज्ड शैड्यूल के अनुसार बीएलओ द्वारा 24 जुलाई तक मतदाता के घर पर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों का रेशनेलाइजेशन 24 जुलाई 2026 तक किया जाएगा।

### कृषि यंत्रों के लिए किया आवेदन

**अंबाला।** उप कृषि निदेशक डॉ. जसविंद्र सैनी ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की वर्ष 2026-27 के दौरान सीम स्कीम के अंतर्गत (40-50 प्रतिशत) अनुदान पर कृषि यंत्र व्यक्तिगत श्रेणी में उपलब्ध कराने के लिए 16 फरवरी 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें अभी तक विभागीय पोर्टल पर जिला में किसानों के द्वारा 3575 कृषि यंत्रों के लिए आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि सामान्य वर्ग के आवेदकों जिन्होंने कृषि यंत्र रोटावेटर व लेजर लैंड लेवलर के लिए आवेदन किया है उन किसानो का चयन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से किया जाना हैं। जिला मे रोटावेटर यंत्र के लिए 576 व लेजर लैंड तेवतर यंत्र के लिए 267 लाभार्थी किसानों का चयन किया जाना है।

## पुलिस कार्रवाई के बाद यातायात बहाल, कई किसान हिरासत में

# शंभू टोल बंद कर हाइवे पर किसानों ने लगाया जाम

**भाजपा सरकार के खिलाफ किसानों ने जमकर की नारेबाजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दिल्ली जा रहे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसका असर सोमवार को अंबाला में देखने को मिला। चढ़ूनी गुट के नेताओं के आह्वान पर किसानों ने हरियाणा_ पंजाब को जोड़ने वाले शंभू टोल को दोपहर को बंद कर दिया। इस दौरान अंबाला से पंजाब जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। किसानों ने करीब पौने घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने किसान नेताओं को काफी समझाया जब किसान नहीं माने तो कुछ को पुलिस ने हिरासत में लेकर टोल को सुचारू कराया। दरअसल भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को भारी संख्या में किसान शंभू टोल पर पहुंच गए थे।



अंबाला। शंभू टोल पर जमा किसानों का दृश्य।

- किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि गुरनाम सिंह चढ़ूनी की रिहाई तक आंदोलन व विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

### मौके पर भारी संख्या में पुलिस के जवान पहुंचे

किसानों ने टोल पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। किसान बीच सड़क पर ही बैठ गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस के जवान भी पहुंच गए। इस दौरान शंभू टोल पर बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के प्रयास किए गए। पहले तो पुलिस ने किसानों को मनाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी तो फिर पुलिस ने सख्ती से उन्हें काबू किया। काबू किए गए किसानों को पुलिस अपने साथ ले गई। इसके बाद शंभू टोल पर यातायात को सुचारू किया गया। उधर किसान नेताओं ने ऐलान किया कि जब तक उनके नेता को रिहा नहीं किया जाता तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। किसानों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर उनका दमन कर रही है। किसी भी स्थिति में सरकार के जुल्म के आगे कोई भी किसान झुकने वाला नहीं है। फिलहाल शंभू टोल पर यातायात बहाल हो गया था।

### छात्रों पर लाठीचार्ज करने के विरोध में किसानों ने मजदूरों ने किया प्रदर्शन

नारायणगढ़। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफे करने की मांग को लेकर किसानों और मजदूरों ने बारिश के बीच एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जंतर-मंतर पर आंदोलनरत छात्रों व युवाओं के समर्थन में उतरे प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। मजदूर संगठन सीटू के राज्य सचिव सतीश सेठी, रमेश नन्हेंड़ा और बीकेयू (टिकैत) के युवा राज्य प्रधान चमन गुज्जर व जिला प्रधान श्रृंगारा सिंह की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सीटू नेता सेठी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि संसद मार्च के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ना बर्बरता है। प्रदर्शनकारियों ने पेपर चोरों-गद्दी छोड़ो, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो और सोनम वांगचुक को रिहा करने के नारे लगाए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की विफलताओं और पेपर लीक को देखते हुए शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए। एनटीए को रद्द कर पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लिया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को तुरंत रिहा किया जाए। प्रदर्शन से पूर्व कम्युनिटी हॉल में सभा कर दादरी में सीटू नेताओं की गिरफ्तारी की कड़े शब्दों में निंदा की गई।

# बिजली चोरी पर कसेंगे नकेल दो हजार मीटर होंगे घरों से बाहर

- उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने शुरू की मीटर बाहर निकालने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिजली चोरी पर नकेल कसने और लाइनलॉस के ग्राफ को नीचे लाने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम ने कमर कस ली है। अब उन सभी बिजली मीटरों को घरों से बाहर निकाला जाएगा जो मकानों के भीतर या अंदरूनी दीवारों पर लगे हैं। इसके लिए निगम ने 30 सितंबर 2026 तक का लक्ष्य तय किया है।

अधिकारियों के मुताबिक, अभी अम्बाला सर्कल में 2 हजार मीटर ऐसे हैं जो घरों की दीवारों या अंदर लगे हैं। घरों के अंदर मीटर होने से सीधे तौर पर बिजली चोरी की संभावना बढ़ती है और चेकिंग टीमों को जांच में परेशानी होती है। चेकिंग के दौरान मीटर में चिप लगाने और डायरेक्ट कुंडी लगाने के कई मामले पहले पकड़े जा चुके हैं। एसई वीके गोयल ने बताया कि अंबाला सर्कल में साल 2024-25 में ओवरऑल लाइनलॉस 10.12% था जो सुधरकर 2025-26 (मार्च तक) 8.96% पर आ गया है। अब इसे घटाकर 8 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है।

31 मार्च तक सर्कल के डिविजनों का लाइनलॉस नारायणगढ़ डिवीजनः 13.44% अंबाला शहर में 9.91% मुलाना में 8.05% व अंबाला कैंट डिविजन में 6.18% है।

### बंद होती है बिजली चोरी

बिजली मीटर घर के बाहर लगे होने से चोरी की संभावनाएं खत्म हो जाती हैं। बिजली निगम के अधिकारियों की मानें जब से बिजली मीटर घरों के बाहर लगाए जा रहे हैं तब से चोरी की घटनाएं बेहद कम हो गई। उनका मानना है कि अभी गांवों में चोरी की ज्यादा घटनाएं सामने आ रही हैं जबकि शहरी एरिया में बिजली चोरी के मामलों में लगातार कमी आ रहे है। अधिकारियों की मानें तो अगले कुछ महीनों तक बिजली चोरी के मामलों में बेहद कटौती होने की संभावना है।

# पुलिस ने लाल कुर्ती बाजार के होटलों में की चेकिंग

- कानून व सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान

अंबाला। कानून व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में सोमवार को फिर पुलिस द्वारा लाल कुर्ती बाजार में स्थित विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। यह विशेष चेकिंग अभियान प्रबंधक थाना पड़ाव निरीक्षक प्रवीन आर्य एवं प्रभारी पुलिस चौकी लाल कुर्ती राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने होटलों के रिकॉर्ड, सुरक्षा व्यवस्था और दस्तावेजों की गहनता से जांच की। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई हैं, सभी होटल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे होटल में ठहरने वाले हर ग्राहक का सही इंद्राज रजिस्टर व सिस्टम में करें। बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी कमरा न दिया जाए। होटल परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरों को हर वक्त सुचारू रूप से चालू रखा जाए। कैमरों की पॉजीशन ऐसी हो जिससे हर आने-जाने वाले पर नजर रहे। साथ ही, न्यूनतम 30 दिनों का वीडियो बैकअप रखना अनिवार्य होगा। होटलों में अग्निशमन के पर्याप्त उपकरण वर्किंग कंडीशन में होने चाहिए। इसके साथ ही संबंधित विभाग से फायर एनओसी लेना सुनिश्चित किया जाए। होटल व्यवसाय से जुड़े अन्य सभी कानूनी नियमों, स्थानीय प्रशासन के आदेशों और गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। पुलिस ने साफ कहा कि 'सुरक्षा व्यवस्था' के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी होटल संचालक नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया या एंट्री एवं सुरक्षा में लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



अंबाला। होटल कर्मचारी से पूछताछ करते पुलिस के जवान।

# शिक्षा में एआई की बढ़ रही भूमिका, शिक्षकों ने सीखा आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

- डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में एआई पर आयोजित हुई कार्यशाला, तीन स्कूलों के खिलाफ शिक्षकों ने की हिस्सेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अबदलते शैक्षिक परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान की आवश्यकता बन चुकी है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में ₹आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कम्प्यूटेशनल थिंकिंग₹ विषय पर सीबीएसई क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य संसाधन व्यक्ति डीएवी कॉलेज लाहौर के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. शांत कौशिक रहे। इसमें डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल अंबाला सिटी तथा मेजर आर्यन डीएवी पब्लिक स्कूल, अम्बाला कैंट के लगभग 40 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरआर सूरी ने वैदिक परम्परा के अनुरूप ॐ-पट भेंट कर प्रो. शांत कौशिक का अभिनंदन करते हुए किया।



अंबाला। कार्यशाला में मौजूद शिक्षक।

# अलंकरण समारोह में विभिन्न सदनों के छात्रों को सौंपे दायित्व

- छात्रों को अनुशासन, आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में सोमवार को सत्र 2026-27 के लिए अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और सेवा भावना का विकास करना रहा। इस दौरान विद्यालय की छात्र परिषद तथा विभिन्न सदनों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके दायित्व सौंपे गए। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के गौरवशाली पूर्व छात्र दिवांशु धीमान रहे। विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन इंद्रजीत सिंह, प्रधानाचार्य रुबी शर्मा, उपप्रधानाचार्य कुलदीप सिंह तथा सुमन शर्मा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मंच संचालन करते हुए अध्यापिका शिखा अरोड़ा ने कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए दूसरों के लिए प्रेरणा बनना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।



बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

### नेतृत्व का संकल्प

विद्यालय की विभिन्न समितियों के लिए चयनित विद्यार्थियों ने भी अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि दिवांशु धीमान ने अपने संबोधन में विद्यालय से जुड़ी पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि इसी विद्यालय ने उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। शर्मा ने नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व का वास्तविक अर्थ दूसरों का मार्गदर्शन करना, अनुशासन बनाए रखना और प्रत्येक जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना है।

# कविता वाचन में प्रियांशी ने मारी बाजी

- पुलिस डीएवी स्कूल में छात्रों के लिए आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा छठी,सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय क्रियाकलाप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के विषय कक्षा छठी के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता, कक्षा सातवीं के लिए भाषण प्रतियोगिता, कक्षा आठवीं के लिए कहानी कहना प्रतियोगिता थे। प्रतियोगिता विद्यालय में क्रियाकलाप कालांश में करवाई गई। स्कूल प्राचार्य डा. विकास कोहली ने प्रतियोगिता के विजयी छात्रों को बधाई दी। कहा कि सभी बच्चों ने अपनी क्षमता के अनुसार विभिन्न विषयों पर अपने हृदय स्पर्शी उद्गार प्रस्तुत किए, जो कि अत्यंत सराहनीय थे। हम बच्चों को सीखने की गतिविधियों में व्यस्त रखने का प्रयास करते हैं । क्योंकि आजकल स्कूलों की भूमिका केवल उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की नहीं है बल्कि अपने छात्रों को आजीवन सीखने के लिए सशक्त बनाने की भी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के क्रियाकलापों से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। उनमे भाईचारा एवं सहयोग की भावना का भी विकास होता है। बच्चों में रचनात्मक तथा भावनात्मक प्रवृत्ति में भी वृद्धि होती है। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपने विचार स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने, मंच के भय को दूर करने और समाज के प्रति अपनी सोच को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है।



अंबाला। प्रतियोगिता के विजेता छात्र।



# राष्ट्रीय संगोष्ठी 'शक्ति एवं सृष्टि' में राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर मंथन

**चंडीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने विकसित भारत 2047 पहल के अंतर्गत, चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से "शक्ति एवं सृष्टिः एक सतत विश्व की निर्माता के रूप में महिलाओं की भूमिका का सम्मान" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम टैगोर थिएटर तथा पंजाब विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर, सेक्टर-25 में आयोजित किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य एक समावेशी, समानतापूर्ण और सतत समाज के निर्माण में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना था। इस अवसर पर शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में महिलाओं के नेतृत्व एवं योगदान पर विचार-विमर्श किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक साध्वी ऋतंभरा ने महिलाओं की चरित्र निर्माण और समाज निर्माण में भूमिका पर अपने विचार रखे।

# छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

कलगीधर ट्रस्ट बडू साहिब द्वारा संचालित अकाल अकादमी होली में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल सुदरपन कौर के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को केवल पौधे लगाने तक ही सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल करने और अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुदरपन कौर ने कहा कि लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व भी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो धरती को हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है।



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

### एक हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

**अंबाला।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एक विशेष जागरूकता शिविर एवं मेगा पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी -सह-सचिव गीतांजलि गोल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पीएलवी व रिसोर्स पर्सन गोल्डी सहगल ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण, कानूनी अधिकारों तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। सीजेएम गीतांजलि गोयल द्वारा कॉलेज परिसर में पौधा लगाकर की गई। इसके पश्चात 1000 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## विधायक ने धान की बिजाई में देरी के साथ फसलों के भी सूखने का आरोप लगाया

# बिजली की अघोषित कटौती से जनता बेहाल, सरकार व्यवस्था सुधारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विधायक पूजा ने क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच घंटों तक बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली गुल रहने से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों, किसानों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विधायक पूजा सोमवार को साहा, बराड़ा और दुराना में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की साप्ताहिक बैठकों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बिजली की अनियमित आपूर्ति का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। धान की बिजाई और सिंचाई प्रभावित होने से खेतों में खड़ी फसल समय पर पानी नहीं मिलने के कारण सूखने लगी है।



बराड़ा। लोगों से मुलाकात करते हुए विधायक पूजा।

### कटौती नहीं, निर्बाध बिजली चाहिए

विधायक ने कहा कि जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना सरकार और बिजली विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। इससे पेयजल आपूर्ति, विद्यार्थियों की पढ़ाई, छोटे उद्योग-धंधों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विधायक पूजा ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हरियाणा बिजली अधिशेष (पॉवर सरप्लस) राज्य बन गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान बिजली संकट को दूर करने के लिए चार थर्मल पावर प्लांट, एक न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित किया गया तथा सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए निजी कंपनियों के साथ भी समझौते किए गए। उनके अनुसार वर्ष 2014 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के अंत तक प्रदेश में पर्याप्त बिजली उपलब्ध थी जबकि मौजूदा भाजपा सरकार ने पिछले लगभग 12 वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कोई नई इकाई स्थापित नहीं की। इसी कारण आज कृषि, उद्योग और आम उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मांग की कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए। यदि किसी तकनीकी कारण से बिजली आपूर्ति बाधित करनी आवश्यक हो, तो इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दी जाए। साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार कर नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र इस समस्या का समाधान नहीं किया, तो जनता के हित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।